आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 24.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए आज शाम नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई।
- प्रदेश सरकार, चारधाम यात्रा को लेकर पूरी तरह सतर्क, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।
- चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए आज गढ़वाल मंडल के सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जा रही है।
- देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य अंतिम चरण में, सुगम सुविधा से मरीजों व तीमारदारों को मिलेगी राहत।

सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक शाम 6 बजे संसद भवन परिसर में होगी। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं।

चारधाम तैयारी

प्रदेश सरकार, चारधाम यात्रा को लेकर पूरी तरह से सतर्क और सक्रिय है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से न केवल जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, बल्कि विशेषज्ञों के समन्वय से पूरे यात्रा मार्ग पर एक सुगठित, आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य ढांचा तैयार किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि हर श्रद्धालु अपने आध्यात्मिक सफर को स्वस्थ और सुरक्षित रूप से पूरा कर सके। श्रद्धालुओं को सहज व स्पष्ट स्वास्थ्य जानकारी देने के लिए बहुभाषी हेल्थ एडवाइजरी तैयार की जा रही है, जो 13 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध होगी। यह एडवाइजरी यात्रा मार्ग पर होटलों, रेस्टोरेंट्स, पार्किंग स्थलों आदि क्यू.आर कोड के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रदान की जाएगी। साथ ही जाम संभावित क्षेत्रों एवं प्रमुख ठहराव स्थलों पर बड़े होर्डिंग्स के माध्यम से भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का प्रचार किया जाएगा। इस बीच, स्वास्थ्य सचिव, डॉ. आर. राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ सचिवालय स्थित अपने सभा कक्ष में समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थायी और अस्थायी, सभी चिकित्सा इकाइयों को आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों और प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ पूरी तरह से तैयार रखा जाए। साथ ही यात्रा के दौरान डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त तैनाती भी सुनिश्चित करने को कहा।

## यमुनोत्री धाम तैयारी

यमुनोत्री धाम क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की जा रही हैं। यात्रा की तैयारियों से जुड़े अधिकांश कार्य संपन्न कराए जा चुके हैं और विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए उत्तरकाशी जिला प्रशासन और यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभाग इन दिनों युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री क्षेत्र का दौरा कर चारधाम यात्रा की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने यमुनोत्री धाम के 6 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर पूरे हो चुके कार्यों को परखा। इस दौरान रेलिंग की मरम्मत, रेन शेल्टर निर्माण, बिजली, पानी, चिकित्सा, सफाई व्यवस्था, शौचालय आदि से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वैकल्पिक पैदल मार्ग का निरीक्षण करते हुए आकस्मिकता अथवा श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने की स्थिति में इस मार्ग के उपयोगिता को भी परखा। उन्होंने जानकीचट्टी में यात्रा व्यवस्थाओं के लिए जिला पंचायत के अधिकारियों को घोड़ा पड़ाव की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त रखने तथा घोड़े खच्चरों के लिए पैदल मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर बनाई गई चरी में गर्म पानी की निरंतर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।

## कार्ययोजना

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश यात्रा के बेहतर संचालन के लिये एक योजना बनाई जाएगी। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आदि कैलाश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपर जिलाधिकारी को योजना बनाकर सोमवार तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा को देखते हुए ई.वी चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह चिन्हित कर योजना तैयार करने को भी कहा गया है।

## यूसीसी शिविर नैनीताल

नैनीताल जिला प्रशासन की ओर से समान नागरिक संहिता– यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण के लिए विशेष शिविरों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। सरकारी कर्मचारियों और आम जनमानस की सुविधा के लिए पूरे जिले में आगामी 25 से 30 अप्रैल तक छह दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नैनीताल जिला कार्यालय, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम, नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर, धारी, श्री कैंची धाम और कालाढूंगी के उप जिलाधिकारी कार्यालयों सहित भीमताल स्थित विकास भवन और सभी विकासखण्ड कार्यालयों में आयोजित होने वाले इन शिविरों में जनसेवा केंद्र संचालकों की सहायता से विवाह पंजीकरण करवाए जा सकेंगे।

## मॉक ड्रिल

चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए आज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से गढ़वाल मंडल के सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जा रही है।

टिहरी जिले की कंडीसौड़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग–34 पर स्यांसू में भूस्खलन और कीर्तिनगर पुल के समीप ट्रैफिक जाम को लेकर मॉक ड्रिल की जा रही है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष से दोनों घटनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। वहीं, देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल की निगरानी की जा रही है। साथ ही लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कंट्रोल रूम से समीक्षा की जा रही है। इसका उद्देश्य आपदा की वास्तविक स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को परखना है।

ऑटोमेटेड पार्किंग

देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के सतत प्रयासों से यह सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है। इस अत्याधुनिक पार्किंग से अस्पताल परिसर में पार्किंग की अव्यवस्था खत्म होगी। साथ ही मरीजों व तीमारदारों को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन खड़े करने की सुविधा मिलेगी। अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

यूसीसी पंजीकरण कैम्प

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत चम्पावत जिले में ग्राम और न्याय पंचायत स्तर पर पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर 6 मई तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विवाह पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। अब तक जिले में 200 से अधिक लोगों ने अपना विवाह पंजीकरण पूरा कर लिया है। इसके लिए 40 निबंधक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने जिले के गोशनी गांव में शिविर का शुभारंभ करते हुए लोगों को यूसीसी के महत्व के बारे में बताया।

पंजीकरण प्रक्रिया की निगरानी कर रहे अपर जिलाधिकारी जयवर्द्धन शर्मा ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया यूसीसी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से हर ग्राम और न्याय पंचायत में पंजीकरण आसानी से करवाया जा सकता है।

जन सेवा केंद्र के संचालक और लाभार्थी नितिन गड़कोटी ने भी पंजीकरण प्रक्रिया को आसान और सुविधाजनक बताया।

चम्पावत जिले में चल रहे ये पंजीकरण शिविर लोगों को विवाह पंजीकरण जैसे अहम दस्तावेजों के लिए सरल और प्रभावी माध्यम दे रहे हैं।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

पिथौरागढ़ में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निकाय और ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहरों में चल रहे सफाई कार्यों और नवाचारों की जानकारी ली और सूखे तथा गीले कूड़े के अलग—अलग निस्तारण, कंपोस्टिंग और कूड़ा डंपिंग की स्थिति पर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहरों की स्थिति सुधारने के लिए नवाचार अपनाएं और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखें। राईआगर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टूरिस्ट स्पॉट विकसित करने के निर्देश देने के साथ ही राम मंदिर को नया टूरिस्ट सेंटर बनाने और हिमालय दर्शन के लिए व्यूप्वाइंट विकसित करने को भी कहा गया।

- केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए आज शाम नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई।
- प्रदेश सरकार, चारधाम यात्रा को लेकर पूरी तरह सतर्क, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।
- चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए आज गढ़वाल मंडल के सभी जिलों में मॉक ड्रिल की जा रही है।
- और, देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य अंतिम चरण में, सुगम सुविधा से मरीजों व तीमारदारों को मिलेगी राहत।